कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 17.10.2024

विषय:- टोटो चोरी करने वाले अभियुक्त थाना सिगरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार, टोटो बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज व थाना सिगरा के नेतृत्व में थाना सिगरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 321/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस व बढोत्तरी धारा 317(2), 317(4) बीएनएस थाना सिगरा वाराणसी से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. आकाश खरवार पुत्र राजू खरवार निवासी गुजराती गली दुर्गा मन्दिर के सामने थाना सिगरा वाराणसी उम्र लगभग 25 वर्ष 2. सूरज कुमार जायसवाल उर्फ जावेद पुत्र सुरेन्द्र जायसवाल निवासी गुजराती गली नियर शंकर जी का मन्दिर सोनिया थाना सिगरा वाराणसी उम्र करीब 27 वर्ष को माल गोदाम रोड के पास थाना सिगरा कमिश्नरेट, वाराणसी से दिनांक 17.10.2024 गिरफ्तार कर किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना सिगरा पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- प्रार्थी परवेज अहमद पुत्र जलान अहमद निवासी सी- 19/224 बडा चकरा लल्लापुरा वाराणसी की लिखित तहरीर में बताया गया कि दिनांक 12/10/2024 को समय 03.49 सुबह मेरा ई रिक्शा जिसका गाड़ी नम्बर UP 65 MT 7374 है पिसाच मोचन देत्रा विर बाबा रोड से चोरी हो गया है।

विवरण पूछतांछ- अभियुक्तगण आकाश खरवार व सूरज कुमार जायसवाल उर्फ जावेद उपरोक्त से अलग-अलग व एक साथ पूछा गया तो दोनो ने एक सुर में बताया कि हम लोगों ने दिनांक- 12.10.2024 को पिशाचमोचन से सुबह करीब 03.00 बजे के आस पास एक टोटो चोरी किया था जिसको हम लोगों ने थोडी दूर आगे ही रेलवे पटरी के किनारे की बाउण्ड्री की आड़ में खड़ा किये हैं उधर लोग कम आते जाते हैं। कई दिन से हम लोग टोटो को बेचने के फिराक में थे और आज भी उसी टोटो को हम लोग बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में यहाँ खडे थे कि आप लोगों ने पकड लिया। हम दोनों लोगों ने जिस दिन चोरी किया था उसी दिन इस टोटो की बैटरी निकालकर विकास अग्रहरी नामक व्यक्ति को 10,000 रूपये में राह चलते बेच दिया था। उसका घर हम लोग नही जानते है। उस पैसे से जिसे हम दोनो लोगों ने 5000 - 5000 रूपये बांट लिया था तथा रूपयों को हम लोगों ने खर्चा कर दिया है।

सम्बन्धित अभियोगः- मु0अ0सं0 321/2024 धारा 303(2) बी0एन0एस व बढोत्तरी धारा 317(2), 317(4) बीएनएस थाना सिगरा वाराणसी।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता व उम्र-

1. आकाश खरवार पुत्र राजू खरवार निवासी गुजराती गली दुर्गा मन्दिर के सामने थाना सिगरा वाराणसी उम्र लगभग 25 वर्ष।

2. सूरज कुमार जायसवाल उर्फ जावेद पुत्र सुरेन्द्र जायसवाल निवासी गुजराती गली नियर शंकर जी का मन्दिर सोनिया थाना सिगरा वाराणसी उम्र करीब 27 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

1. एक अदद टोटो यू.पी.65 एमटी 7374
2. आकाश उपरोक्त के पास से 540 रूपये।
3. सूरज कुमार जायसवाल उर्फ जावेद के बाये जेब से 210 रूपये।

आपराधिक इतिहास-

1. आकाश खरवार-

1. मु0अ0सं0- 097/2019 धारा 379/411 भादवि थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0- 0192/2019 धारा 41/411/414 भादवि थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
3. मु0अ0सं0- 0322/2020 धारा 380/411 भादवि थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।
4. मु0अ0सं0- 057/2021 धारा 380/411/413/457 थाना मडुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

2.सूरज कुमार जायसवाल उर्फ जावेद-

1. मु0अ0सं0 0628/2018 धारा 41/411/414 भादवि थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. श्री राज बहादुर मौर्य प्रभारी निरीक्षक थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 पंकज कुमार पाण्डेय थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 धीरेन्द्र दीक्षित, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 नीरज कुमार मौर्य, थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 मृत्युंजय सिंह थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 शेषनाथ थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 मन्तोष थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी